दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 256 मुरादाबाद, 12 January 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## निवेश की नई संभावनाएं कर रहीं इंतजार, इन्वेस्टर्स समिट में बोले पीएम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का बुधवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद उद्योगपतियों से आग्रह किया कि मध्यप्रदेश और भारत में नई संभावनाएं उनका इंतजार कर रही हैं। भारत की आजादी का अमृत काल शुरू हो चुका है। सभी पूरी गति से विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश का सामर्थ्य और संकल्प निर्णायक भूमिका निभाएगा। आस्था, अध्यात्म से लेकर पर्यटन तक और कृषि, शिक्षा से लेकर दक्षता संवर्धन तक मध्यप्रदेश अजब भी है, गजब भी है और सजग भी। विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। इन्वेस्टर्स समिट में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि हर भारतीय ही नहीं, दुनिया की हर संस्था, दुनिया का हर विशेषज्ञ भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते सितारे की तरह देख रहा है। हमारे मजबूत मैक्रो-इकोनॉमिक फंडामेंटल्स दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगले चार-पांच साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। यह वैश्विक पटल पर भारत का दशक नहीं, बल्कि भारत की शताब्दी है। निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है भारतमोदी ने कहा कि विश्वभर के निवेशकों के लिए भारत आकर्षण का केंद्र है। इसका कारण है उनका भारत में अदम्य विश्वास। भारत में सशक्त प्रजातंत्र है, युवा शक्ति है, राजनैतिक स्थिरता है। तेजी से निर्णय लेने की क्षमता है। ईज ऑफ लिविंग है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। भारत रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म के मार्ग पर चल रहा है। भारत में विकास की अभूतपूर्व गति है। 2014 से हम तेज गति से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

### नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम से जुड़ा है एमपी

मोदी ने कहा कि भारत में निवेश के लिए हर आवश्यक सुविधा है। नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम है, जिससे मध्यप्रदेश भी जुड़ा है। श्रम कानूनों को सरल किया गया है। पाबंदियों को हटाया गया है। आधुनिक और मल्टी-मॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर है। बीते आठ साल में हमारे राष्ट्रीय राजमार्ग बनने की गति दोगुनी हो गई है। पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का राष्ट्रीय प्लेटफार्म है। निजी क्षेत्र के दरवाजे रक्षा, खनिज, अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्रों के लिए भी खोल दिए गए हैं। ये सब हमारी विकास की गति को तेज करेंगे। मेक इन इंडिया को नई ताकत प्रदान करेंगे। शिवराज बोले- मैं सीईओ की तरह उपलब्ध हूं, उद्योगों को 24 घंटे में देंगे जमीन - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2026 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही है। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान 550 अरब डॉलर से कम नहीं होगा। प्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र हैं। अनेक फूड पार्क, प्लास्टिक पार्क हैं और अब मेडिकल डिवाइसेस पार्क भी विकसित हो रहे हैं।

- मोदी बोले- विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगी
- आगामी चार-पांच साल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा
- मुख्यमंत्री चौहान ने दिया भरोसा- उद्योगों के लिए 24 घंटे में आवंटित करेंगे जमीन
- गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी भी रहे मौजूद

निवेशक खुद यह मानने लगे हैं कि मध्यप्रदेश निवेश की दृष्टि से अनुकूल है। मैं मध्यप्रदेश के सीईओ के रूप में सदैव उपलब्ध हूं। हर सोमवार को उद्योगपतियों से भेंट के लिए समय तय किया है। जमीन की मांग हम 24 घंटे में पूरी करेंगे। प्रदेश में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है। इसे प्राथमिकता से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए बनाए गए लैंड बैंक में लगभग दो लाख एकड़ भूमि उपलब्ध है। मध्यप्रदेश में 25 हजार मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### भारत नेतृत्व की स्थिति में- संतोखी

सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने कहा कि भारत में अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। भारत नेतृत्व की स्थिति में है। सूरीनाम भारत के साथ विभिन्न क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग करेगा।

### गुयाना भी औद्योगिक विकास में भागीदार बनेगा - अली

गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने कहा कि वे इंदौर शहर की स्वच्छता और सुंदरता का उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। इन विशेषताओं के कारण मध्यप्रदेश में अनेक उद्योग आ रहे हैं। गुयाना भी औद्योगिक विकास में भागीदार बनेगा। उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश के बारे में यह कहा-आदित्य बिरला ग्रुप के कुमार मंगलम ने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति प्रदेश को निवेश की दृष्टि से सभी रूप से उपयुक्त बनाती है। हमारे समूह के प्रदेश से ऐतिहासिक संबंध है। समूह का 60 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में है। औद्योगिक नीति तथा स्टार्टअप भविष्य में निवेश की दृष्टि से उपयुक्त हैं। एक्ससेंचर की रीता मेनन ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में प्रदेश की पहल सराहनीय है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षेत्र में उपयुक्त वातावरण विकसित करने की आवश्यकता है। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमें प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित किया है। हमारे समूह की प्रदेश में 4500 करोड़ रूपये के निवेश की योजना है। पन्ना में सीमेंट प्लांट और पीथमपुर में 1500 करोड़ की लागत से पेंट की इकाई लगाई जा रही है। रिलायंस ग्रुप के निखिल मेसवानी ने कहा कि दिसंबर 2023 तक प्रदेश की सभी तहसीलों में 5जी की सुविधा उपलब्ध करा देंगे। रिलायंस ग्रुप राज्य में अब तक 22 हजार 500 करोड़ का निवेश कर चुका है तथा

## प्रवीण तोगड़िया बोले: राम मंदिर निर्माण का श्रेय 100 करोड़ हिंदुओं को, किसी व्यक्ति या दल विशेष को नहीं



अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को शाहजहांपुर के पुवायां पहुंचे। यहां संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर तोगड़िया ने कहा कि 100 करोड़ हिंदुओं को राम मंदिर निर्माण का श्रेय जाता है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांवों में जाकर एक-एक मुट्ठी अनाज एकत्र करें और गरीब हिंदुओं की मदद करें। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फायरब्रांड नेता प्रवीण तोगड़िया का काफिला शाहजहांपुर के पुवायां पहुंचा। बंडा रोड पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला निगोही-नाहिल बाईपास स्थित संगठन के पदाधिकारी राजेश शुक्ला के आवास पर पहुंचा। प्रवीण तोगड़िया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी हिंदू के अपमान को सहन नहीं किया जाएगा। तमाम कार्यकर्ता सड़कों पर निकल कर पीड़ित हिंदू को लोकतांत्रिक तौर से मदद दिलवाए।

### राम मंदिर का श्रेय किसी दल विशेष को नहीं

राम मंदिर के मामले पर उन्होंने कहा कि देश के 100 करोड़ हिंदुओं को राम मंदिर निर्माण का श्रेय जाता है। किसी भी व्यक्ति या दल विशेष को इसका श्रेय नहीं है। वर्तमान में चल रहे फिल्मों के विरोध के बारे में उन्होंने कहा कि जनता जो चाहे फैसला ले, वह जनता के साथ हैं। बाकी फिल्मों से उन्हें कोई एतराज नहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सीओ सहित भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## मोहन भागवत के बयान पर बोले मुफ्ती सलीम- भारतीय मुसलमान श्रेष्ठता नहीं बराबरी में विश्वास रखता है



मोहन भागवत के बयान पर दरगाह आला हजरत के मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है । उन्होंने कहा कि लोग कौन छोटा है और कौन बड़ा है, भारतीय मुसलमान इसमें नहीं बल्कि बराबरी में विश्वास रखते हैं। यही हमारे देश की पहचान है। बरेली की दरगाह आला हजरत के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि भारतीय मुसलमान श्रेष्ठता नहीं बराबरी में विश्वास रखता है। मुफ्ती सलीम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। भागवत ने मंगलवार को संघ के मुखपत्र पांचजन्य को दिए गए साक्षात्कार में मुसलमानों से वर्चस्व और श्रेष्ठता का दावा छोड़ने के लिए कहा था। मुफ्ती सलीम ने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में सारे देशवासियों ने कंधे से कंधा मिलाकर अहम रोल अदा किया। हम लोग कौन छोटा है और कौन बड़ा है, इसमें नहीं बल्कि बराबरी में विश्वास रखते हैं। यही हमारे देश की पहचान है।

### मुसलमानों को डराने, भड़काने वाले देश के विरोधी - शहाबुद्दीन

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि मुसलमानों को डराने और भड़काने वाले देश विरोधी हैं। मौलाना ने कहा कि भारत में सुन्नी सूफी बरेलवी मुसलमानों की आबादी बहुसंख्यक हैं। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों में आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिलना चाहिए। मौलाना ने कहा कि भारत में मुसलमान आजाद हैं। हिंदुस्तान में मुसलमान सुरक्षित हैं और न ही उन्हें किसी से डर है। नेता मुसलमानों को डराने और भड़काने की बात करते हैं।

## CM योगी ने खिचड़ी मेले की तैयारियों का लिया जायजा, बोले- श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा में न हो कोताही




गोरखपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की रात दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ से गोरखपुर पहुंचे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम से पहले उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में लगने वाले खिचड़ी मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मंदिर व मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए उन्होंने इसे लेकर की गई हर इंतजाम की जानकारी ली। साथ ही जिम्मेदारों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में किसी तरह की कोताही न बरती जाए।

### CM ने बाबा गोरखनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर सबसे पहले उन्होंने बाबा गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई और फिर अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। उसके बाद मेला परिसर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने वह बेरिकेडिंग देखी, जो खिचड़ी चढ़ाने में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगवाई गई है। इस दौरान वह मंदिर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी देते रहे।

### श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली और उसे लेकर सजग रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों से उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पर्याप्त बिस्तर और कंबल की व्यवस्था कराएं।

साथ ही ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव भी जलाए जाएं।

### जनता दर्शन कर डीके व संतराज के स्वजन से मिलेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह गुरु दर्शन के बाद हमेशा की तरह जनता दर्शन करेंगे। उसके बाद वह दिवंगत छायाकार डीके गुप्ता और लोकगायक संतराज गोरखपुरी के स्वजन से मंदिर स्थित अपने कक्ष में मिलेंगे। दोनों का बीते दिनों बीमारी के चलते निधन हो गया था।

### मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे देवेंद्र सिंह

एमएलसी चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र प्रताप सिंह देर रात मुख्यमंत्री से मिलने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे।

मंदिर पहुंचकर उन्होंने बाबा गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान सांसद रवि किशन, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह, विनय सिंह जेआरएफ, सुधांशु सिंह आदि मौजूद रहे।

# कॉमेडियन उस्मान भारती अश्लील गीत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर पुलिस ने उस्मान भारती सहित उनके तीन साथियों पर अश्लीलता फैलाने की रिपोर्ट दर्ज 10 जनवरी 2023 मुरादाबाद सोशल मीडिया पर लाइक शेयर और सब्सक्राइब की धुन में लोग संवैधानिक मर्यादा को भूल रहे हैं कहीं मजहबी जज्बात के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो कहीं अश्लीलता फैला कर सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है पाक बड़ा



में ऐसे ही कई मामले सामने आने के बाद अब भोजपुर के कॉमेडियन उस्मान भारती ने अश्लील गीत को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिस पर हुई कार्रवाई मामला जनपद मुरादाबाद के थाना क्षेत्र भोजपुर के मोहल्ला चौधरीया निवासी कॉमेडियन उस्मान भारती जो छोटे स्टेज पर शो करते हैं उस्मान भारती ने कॉमेडी की वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड किया मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में हिस्सा लेने के बाद उस्मान भारती मैं अपनी पहचान बना ली पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों गाने का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था आरोप है कि भद्दे वाणी गाने में अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया और अश्लील इशारे भी किए गए फैलाने आईटी एक्ट के तहत उस्मान भारती और उसके तीन साथियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस की टीम का भी गठन किया गया है।

# स्वास्थ्य सचिव ने जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव श्री प्रसन्ना आर आज जिला प्रवास पर थे। उन्होने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के साथ जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। श्री प्रसन्ना ने जिला चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभाग, टीकाकरण कक्ष, ऑपरेशन थेयटर, महिला प्रसुती वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई, पीएनसी वार्ड, नेत्ररोग जांच कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष, पैथोलॉजी, पुरूष एवं महिला वार्ड तथा रसोई कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होने अस्पताल में ईलाज कराने आए गर्भवती महिलाओं, अस्पताल में भर्ती शिशुवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों से चर्चा कर संतोषप्रद ईलाज होने के बारे में पूछ-ताछ की। उन्होने मरीजों से ठीक से ईलाज होने, निःशुल्क दवा मिलने, प्रसुता माताओं, भर्ती बच्चों एवं सामान्य मरीजों को निःशुल्क भोजन मिलने की जानकारी ली। श्री प्रसन्ना ने अस्पताल की साफ-सफाई, विभिन्न मशीनों-उपकरणों का रख-रखाव एवं उनकी क्रियाशीलता की जांच पड़ताल की और सिविल सर्जन डॉ. बी पी चंद्रा को आवश्यक निर्देश दिए। सचिव श्री प्रसन्ना ने ग्राम बेलपत में नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमाडांड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागांव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नवनियुक्त नर्सेस को डिलेवरी प्रशिक्षण दिलाने, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षित प्रसव कराने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से पात्रता अनुसार लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री विभा टोप्पो भी उपस्थित थे।

# पौधे लगाएं हरित जन्मदिन मनाएं आओ धरा को हरा भरा बनाएं और प्रकृति का हरित कवच बढाओ

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , मुरादाबाद की ओर से पौधे लगाएं हरित जन्मदिन मनाएं आओ धरा को हरा भरा बनाएं और प्रकृति का हरित कवच बढाएं अभियान अंतर्गत प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट मुरादाबाद के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल के जन्मदिन के अवसर पर पलाश ( टेशू ) के पौधे का रोपण श्री सत्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रांगण में और गुड़हल के पौधे का रोपण अहिल्याबाई होल्कर वाटिका पाल नगर बुद्धि विहार मुरादाबाद में धरा ( पृथ्वी ) को हरा भरा रखने व प्रकृति का हरित कवच बढ़ाने की भावना और जन जागरुकता के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। बताते चले कि पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल पिछले 25-26 वर्षो से प्रकृति पर्यावरण जागरूकता , संरक्षण , संवर्धन और रक्तदान व सामाजिक कार्य भी करते रहते हैं। जल, वायु, जंगल, जमीन के संरक्षण की जागरूकता संरक्षण और संवर्धन हेतु अपने परिवार ( पत्नी, बेटा, बेटी ) और समाज के विभिन्न जन समुदाय के साथ मिलकर कार्य करते रहते हैं। सोशल मिडिया के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं मानवता की रक्षा हेतु 25 बार रक्तदान भी कर चुके हैं। प्रकृति पर्यावरण जागरूकता संरक्षण और संवर्धन हेतु पूर्णत = समर्पित हैं। इस अवसर पर सामाजिक पर्यावरण चिंतक एडवोकेट रमेश आर्य ने कहा कि जन्मदिन या किसी भी खुशी के अवसर पर पौधा लगाना एक सराहनीय पहल है सभी को आगे बढ़कर सहयोगी बनना चाहिए। युवा के अध्यक्ष शैलश भारतीय ने कहा कि हमें किसी भी खुशी और यादगार समय को पौधरोपण करके मानना चाहिए। जिससे कि हरियाली बनी रहे और सभी सुखी एवम खुशहाल जीवन जियें। अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण के अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिच पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि अपने जन्मदिन पर पौधारोपण और पौधरक्षण कार्य समाज के लिए एक अच्छी पहल की शुरुआत करनी चाहिए। प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सभी को समय देना चाहिए। हमें अपने व बच्चों के जन्मदिन को पौधरोपण करके धरा को हरा भरा बनाना चाहिए क्योंकि इससे कहीं ना कहीं हम प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बन सकते हैं और अपनी सांसो को बचाने में हम सभी को सहयोगी बनना चाहिए। आओ हरित जन्मदिन मनाएं चाहे कोई भी अवसर खुशी हो या गम आओ पौधे लगाए हम, के तहत भी पौधरक्षण की भावना से पौधरोपण करके धरा को हरा भरा और प्रकृति के हरित कवच को बढ़ा सकते हैं। ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हरे पेड़ पौधों को रोपित करने के साथ साथ ही उनका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। हरियाली ही सभी के जीवन में खुशहाली लाती है अतः समृद्धि के साथ-साथ जीवन में खुशहाली के लिए हरे पेड़ पौधों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल, विधिक मार्गदर्शक समाजिक पर्यावरण चिंतक एड. रमेश आर्य , प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल, बाल सदस्य बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल, पर्यावरण प्रेमी राजबाला पाल, युवा के अध्यक्ष शैलेश भारतीय, युवा के सचिव सौरभ उदयभान सिंह, सागर गुप्ता, लावणया पाल, निपेन्द्र सिंह, मुन्नी देवी, मिथलेश, क्रिश, प्रिंस, माही आदि उपस्थित रहे।

# डिलारी में कड़ाके की ठंड से कांपे लोग, बढ़ी गलन



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - डिलारी में लगातार ठंड अपना प्रकोप दिखाती जा रही है। मंगलवार के बाद बुद्धवार को पूरे दिन बर्फीली हवाएं चलती रही। जिससे ठंड और गलन दोनों बढ़ गई। शाम होते-होते तो और भी कड़ाके की ठंड रही। हवाओं ने गलन को और भी बढ़ा दिया। सबसे ज्यादा दिक्कत गृहिणियों को हुई। वहीं आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा। सड़कों पर लगभग सन्नाटा सा पसरा रहा। कोहरा घना होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे थे। वहीं बाजारों में लोग सर्दी से सिकुड़ते रहे। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। काम खत्म करने के बाद वे फिर से घर में दुबक गए।बही डिलारी क्षेत्र के पीलकपुर श्योराम में दुकानदार भी अपनी अपनी दुकानों के आगे अलाव लगाकर तपते नजर आये।

# हास्य कलाकार उस्मान भारती समेत 4 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद कलाकारों ने एक और वीडियो की वायरल



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - भोजपुर पुलिस ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों में एक हास्य कलाकार उस्मान भारती का नाम भी शामिल है। मामला मुरादाबाद के भोजपुर थाने में दर्ज किया गया है भोजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल का कहना है कि करीब डेढ़ मिनट का ये वीडियो एक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। इसमें भोजपुर निवासी हास्य कलाकार उस्मान भारती के साथ 3 अन्य युवक नजर आ रहे थे। चारों एक आपत्तिजनक गाने पर अश्लील इशारे करते दिख रहे हैं। एक व्यक्ति ने इस वीडियो को मुरादाबाद पुलिस के ट्विटर हैंडल पर टैग करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद मुरादाबाद पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। भोजपुर थाने पर ये मामला कस्बा इंचार्ज एसआई अफजाल अहमद की ओर से उस्मान भारती और 3 अन्य के खिलाफ दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने चारो की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया है जिसके बाद जल्द ही गिरफ्तारी की जायेगी। अब हास्य कलाकार उस्मान भारती और उस्मान भारती की टीम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल की है टीम के सभी सदस्यों ने माफी मांगी है

# पुलिस पेट्रोल पंप, साइंस पार्क, लाइवलीहुड कॉलेज, सामाजिक भवनों के लिए भूमि आबंटन की कार्रवाई में लाएं तेजी



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में पुलिस पेट्रोल पंप, सांइस पार्क, लाइवलीहुड कॉलेज, सामाजिक भवनों सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि आबंटन की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों और जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होने नरवा विकास के तहत स्वीकृत सभी कार्यो को बारिश के पहले पूर्ण करने, तृतीय चरण में स्वीकृत सभी गौठानों में लगातार गोबर खरीदी करने, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, गैस सिलेंडर एवं चूल्हे की व्यवस्था, स्वामी आत्मानंद हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के प्रगतिरत भवन निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूहों की जानकारी पोटर्ल में एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत सभी जिला नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर रकबा सत्यापन, गुणवत्ता पूर्ण धान खरीदी, उपार्जित धान के समुचित रखरखाव तथा मीलर्स द्वारा धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा के दौरान नगरीय निकायों में अनियमित भवनों का नियमितीकरण, दुकान नीलामी, बरसात के पहले रपटा निर्माण, दिव्यांगजनों को स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाय करने, नवीन राशन कार्ड, विद्युतीकरण, पंचायतों द्वारा कर-शुल्क वसूली, सीसी रोड, मुक्तिधाम का उन्नयन, स्नान घाट में पचरी निर्माण, जमीन विवाद निपटाने, मजदूरी भुगतान, दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने सहित विभिन्न प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी 26 जनवरी को गुरुकुल स्टेडियम पेंड्रारोड में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी के लिए विभिन्न विभागों को जवाबदारी सौंपी। उन्होने गरिमामय समारोह के लिए मुख्य मंच, साज-सज्जा, विशिष्ट अतिथियों एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, यातायात, पार्किंग सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# जेई को बचाकर लाइनमैन की दी कुर्बानी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - भोजपुर- खराब मीटर बदलने के जेई ने पचास हजार रुपए की मांग की दी बिजली उपभोक्ता द्वारा पैसे नहीं देने पर फर्जी चेकिंग कर बिजली उपभोक्ता को 91,952/ हजार रुपए का नोटिस बिजली विभाग के जेई ने भेज दिया। पीड़ित ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर नोटिस निरस्त कराने की मांग की है। भोजपुर निवासी मोहल्ला बगिया वाला कय्यूम पुत्र हबीब अहमद ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके मीटर रीडिंग में सप्लाई नहीं आ रही थी जिसके बाद वह पीपलसाना बिजली घर पर गया उसकी मुलाकात संविदा कर्मी रहीस अहमद से हुई कय्यूम अहमद की बात सुनने के बाद संविदा कर्मी रहीस अहमद मीटर का सर्वे करने उसके साथ उसके घर आ गया सर्वे करने के बाद लाइनमैन रईस अहमद वापस बिजली घर आया और जेई से कहां इनका मीटर खराब है जिसके बाद जेई बिजली उपभोक्ता से मीटर बदलने के पचास हजार रुपए मांगे। बिजली उपभोक्ता का आरोप है कि जब उसने पचास हजार जेई को देने से मना किया तो जेई ने बिजली चेकिंग के नाम पर उसे 91,952/रुपये का नोटिस भेज दिया। जिसकी उपभोक्ता ने आला अधिकारियों से शिकायत की जिसपर - विभागीय जांच के बाद संविदा कर्मी लाइनमैन रईस अहमद की सेवा समाप्त कर दी गई। पीड़ित ने 4/8/2022 को मीटर खराब का प्रार्थना पत्र जेई व लाइनमैन को प्राप्त करा दिया था 23/8/2022 को जेई ने बिजली उपभोक्ता के घर चेकिंग किया था जिसके बाद 91,952 रुपये का नोटिस बिजली उपभोक्ता को थमा दिया गया। उपभोक्ता कय्यूम अहमद ने आरोप लगाया है अधिशासी अभियंता ग्रामीण द्वारा जेई ललित कुमार को बचा दिया गया है। बिजली उपभोक्ता कयूम अहमद ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कराने की मांग की है साथ ही बिजली विभाग द्वारा दिये गए नोटिस को रद्द कराने की मांग की है।



## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## साथी की हालत गंभीर; स्कार्पियो की टक्कर से सड़क पर गिरा फिर ट्रॉली में सिर से होकर गुजर गई

सचिन ठाकुर( निक्की )
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अतरौली नगर के छर्रा रोड स्थित पाठक क्लीनिक के पास देर शाम सामने आ रहे स्कार्पियो की टक्कर से बाइक से हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हाथ से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### दोनों दोस्त बाइक से जा रहे थे

नगर के मोहल्ला सराय खोखल निवासी रॉकी ( 25 ) की शाम अपने दोस्त गांव बहरावद निवासी संजीव के साथ बाइक से अवंतीबाई चौराहे की ओर से बहरावद की पुलिया की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इससे दोनों युवक भी सड़क पर गिर गए। पीछे से आ रहे गन्ना से भरे ट्रैक्टर- ट्रॉली का पहिया रोकी के सिर से होकर उतर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### गुस्साए लोगों ने लगाया था जाम

हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी मौके पर आ गई। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। रात मै ही लोगों ने जाम भी लगा दिया। सीओ विशाल चौधरी, इंस्पेक्टर अरविंद राठी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और जाम खुलवाया।

### घायल युवक की हालत गंभीर

कोतवाल अरविंद राठी ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीसीटीवी फुटेज से गाड़ी की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## हनीमून पर पति को बेहोश कर भागी पत्नी का सीसीटीवी: पति गया कोर्ट, पत्नी ने भेजा लीगल नोटिस

सचिन ठाकुर( निक्की )-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- ऋषिकेश में हनीमून मामले में दो सीसीटीवी वीडियो सामने आए हैं। पत्नी जब पति को बेहोश कर होटल से गई, तो उस समय के एक सीसीटीवी वीडियो में वह रिसेप्सन पर नजर आई है। दूसरे वीडियो में वह एक ट्रॉली बेग को बस स्टेंड पर ले जाती हुए दिख रही है। अलीगढ़ के युवक व आगरा की युवती का ऋषिकेश में हनीमून चर्चा में बना हुआ है। हनीमून पर गई युवती होटल में पति को बेहोश कर रूपए और गहने लेकर गायब हो गई। युवती के होटल से जाने और बस स्टेंड पर पहुंचने के दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें युवती ट्रॉली बेग लेकर जाती हुई दिख रही है। मामले में पीड़ित पति ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वहीं पत्नी ने भी पति को लीगल नोटिस भेजा है। अलीगढ़ के थाना सिविल लाइंस के गुरुद्वारा रोड निवासी सत्यम टंडन का विवाह आगरा के मुस्तफा क्वाटर निवासी दीपाक्षी उर्फ नेहा के साथ 28 नवंबर 2022 को हुआ था। पति-पत्नी हनीमून मनाने के लिए  को मसूरी से ऋषिकेश पहुंचे। वहां पर एक होटल में कमरा बुक किया। पति सत्यम का आरोप है कि होटल में पत्नी ने खाने के बाद उसे चाय में कुछ मिलाकर दे दिया, वह बेहोश हो गया। इसके बाद रात 2 बजे उसकी आंख खुली। तब तक उसकी पत्नी वहां से रूपया, गहने लेकर गायब हो चुकी थी। पीड़ित पति ने उत्तराखंड के थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ने अब न्यायालय की शरण ली है। आरोपी पत्नी ने भी दूल्हे और परिवार के खिलाफ लीगल नोटिस भेजा है। पीड़ित पति सत्यम टंडन ने बताया कि लीगल नोटिस मिला है, जिसमें चार पहिए की गाड़ी के नाम पर शोषण करने की बात कही है। दो सीसीटीवी वीडियो सामने आए हैं। पत्नी जब पति को बेहोश कर होटल से गई, तो उस समय के एक सीसीटीवी वीडियो में वह रिसेप्सन पर नजर आई है। दूसरे वीडियो में वह एक ट्रॉली बेग को बस स्टेंड पर ले जाती हुए दिख रही है।

## पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर याद कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पूर्व सासंद सत्या बहन जी और  मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर ठाकुर अनिल सोलंकी सदस्य पीसीसी ,मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट सदस्य पीसीसी ,नैना शर्मा एडवोकेट सदस्य पीसीसी सहित बहुत सारे नेताओं ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस नेता ठाकुर अनिल  सोलंकी एवं मोहम्मद इरफ़ान एडवोकेट ने कहा कि जय जवान, जय किसान के उद्घोषक, महान गांधीवादी, पूर्व प्रधानमंत्री व हमारे आदर्श, लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर स्मृति वंदन। नैना शर्मा पीसीसी एवं सुभाष सागर पूर्व सभासद पूर्व शहर अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग कोंग्रेस ने लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि जय जवान जय किसान के उद्घोषक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि आप सदैव सादगी, समाजिक सुचिता मूल्यों और आदशरें के श्रेष्ठ प्रतिमान के रूप में स्मरण किए जाएंगे। मुकेश बघेल एडवोकेट एवं ज्योति सोलंकी ने कहा की एक परिवहन मंत्री के कार्यकाल में उन्होंने पहली बार महिला संवाहक को ( कंडक्टर ) की नियुक्ति की थी। पुलिस विभाग के मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ कराया था। लाल बहादुर शास्त्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भी रहे। लाल बहादुर शास्त्री की छवि बहुत साफ थी। शास्त्री जी ईमानदार और देशभक्त थे। लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया था। इस अवसर पर मुकेश बघेल, प्रवीन कुमार ,मंधुर कान्त ,सनी आजाद,अजय कुमार एडवोकेट,मदन लाल ,आमिर खान,गुलफान भाई,राजीद भाई,आरिफ ,शुभाष कुमार,पुष्येंद्र बघेल,युसूफ भाई,अक्षय भाई,प्रथम सोलंकी,सागर सोलंकी आदि।

## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि शासन के मंशानुसार जनपद में सड़क सुरक्षा माह मे महामाया राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। तथा परिवहन विभाग द्वारा जनपद के ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को कोहरे में ट्रैक्टर चलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना एम0पी0 शर्मा ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, और यात्रा को सुरक्षित बनायें। यातायात प्रभारी भिनगा मनीष पांडे द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसके अन्तर्गत उचित मानक के हेलमेट लगाने, नशा करके वाहन न चलाने, ओवर स्पीड आदि से बचने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान न्यू माडर्न थाना, श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव ने अपने उद्बोधन में युवाओं से यातायात नियमों के पालन करने हेतु अपील किया। इस इस दौरान यातायात विभाग के अन्य पुलिस कर्मियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व अनेकानेक यंत्रों का प्रदर्शन देकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इकौना से डॉ अरविन्द कुमार ने प्राथमिक चिकित्सा के माध्यम से त्वरित रूप से हताहतों की रक्षा के लिए समुचित उपाय अपनाने हेतु सुझाव दिये।कार्यक्रम का संचालन रोड सेफ्टी क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आशुतोष मिश्र ने किया।इस अवसर पर डॉ शाहीन बानो, डॉ श्याम नारायण वर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ उपेंद्र कुमार सोनी, प्रो दुर्गा प्रसाद सिंह, राजबहादुर जायसवाल, दीनानाथ, माधवराज, आशीष श्रीवास्तव बहुत संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## एटा महोत्सव में मिशन शक्ति बनाम लैंगिक हमले पर गोष्ठी का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी एटा महोत्सव 2023 में मिशन शक्ति बनाम लैंगिक हमले पर समीक्षा एवं जागरूकता हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की थीम हम एटा के लोग卐रही। मिशन शक्ति कार्यक्रम में अध्यक्षता सुभाष चन्द शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता/सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख बृज प्रान्त,मुख्य अतिथि निर्मला दीक्षित सदस्य -पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश,अति विशिष्ट अतिथि हरीओम ययाति प्रांतीय प्रचारक सेवा भारती बृज प्रान्त, विशिष्ट अतिथि पी0एस0तोमर वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली, विवेक रत्न सिंह, विधि विशेषज्ञ ,लेखक एवं संपादक नई दिल्ली, राकेश गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली,धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष-हाई कोर्ट बार एशो0इलाहाबाद, जैनेन्द्र सिंह बधेल एडवोकेट उच्च न्यायालय इलाहबाद,गौरी दुवे एवीवीपी प्रान्त मंत्री बृज प्रान्त,श्रीमती किरन निदेशक आदरी, श्यामलता वेद वरिष्ठ समाजसेविका रही।कार्यक्रम का संचालन/संयोजक पंकज कुमार एडवोकेट, सह संयोजक देवेंद् कुमार एडवोकेट, दिनेश कुमार एडवोकेट, दीपक पाठक एडवोकेट,विशाल अग्रवाल एडवोकेट, विकास, अनुज,श्रीमती विमलेश रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथि गणों ने दीप प्रज्वलन करके किया ।इसी के साथ बंधन गीत टीम विधि राजमूर्ति के साथ प्रगति,कोमल गुप्ता, यति, ट्विंकिल, पारुल, दीक्षा, अपराजिता उपाध्यय, प्रथम परिमार, उत्कर्ष परिमार, अलंकार संगीत विद्यालय की सखियों ने मिलकर सामूहिक रूप से वंदना गीत गाया। इस अवसर पर प्रथम वक्ता के रूप में कार्यक्रम सहसंयोजक विशाल अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि मिशन शक्ति बनाम लैंगिक हमले का तात्पर्य लगातार बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए समीक्षा एवं जागरूकता हेतु यह संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस पर हम सब लोगों को मिलकर अपराध कैसे रुके, इस पर चर्चा कर रहे हैं।मुख्य वक्ता हरिओम आयात ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अपराध आश्चर्य का विषय है इसको जिला प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए। हमारे पंचायत विकास संस्थान के कार्यकर्ता इसमें सहयोग करते रहते हैं। अंत में देवेंद्र कुमार एडवोकेट ने निर्भीक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को भी अंग वस्त्र भेंटकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। और अन्त में समस्त मंचासीन अतिथि गणों एवं श्रोता गणों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों आंगनबाड़ी बहने,मुनेश चंद प्रधान, मीना राजपूत, शशी राजपूत, विष्णु पाल सिंह चौहान, राम प्रसाद माथुर, धर्मेंद्र कुमार, देश दीपक, बबलू चक्रवर्ती, ज्ञानेश कुमार, राकेश कश्यप, सुबोध गुप्ता ,अमोल श्रीवास्तव, शिवकुमार पाठक, जयप्रकाश वर्मा, संदीप शर्मा, विष्णु शर्मा ,,बसु गुप्ता, हिमांशु तिवारी, आशीष तिवारी, विष्णु शर्मा ,महिला कल्याण अधिकारी अंकिता सक्सेना, शिवानी, सरिता एडवोकेट, रूपेश कुमार, जगराम सिंह इंस्पेक्टर महिला बाल सुरक्षा प्रभारी ,विकास मित्र एडवोकेट, अवनीश कुमार एडवोकेट ,चन्द्र प्रताप आर्य ,शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, कृष्ण पाल सिंह एडवोकेटआदि सैकड़ो अधिवक्तागणो ,श्रोताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ उद्घाटन

राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बिहार गोपालगंज - जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ किशोर चौधरी द्वारा, माननीय सांसद गोपालगंज आलोक सुमन एवं पुलिस अधीक्षक गोपालगंज स्वर्ण प्रभात के कर कमलों द्वारा 11=30बजे जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन भा0प्रा0से अपर समाहर्ता, गोपालगंज सुनील कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी गोपालगंज मनोज कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी हथुवा राकेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज संजीव कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हथुवा नरेश कुमार एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थित रहीं।

## शोक में डूबा पुरा गांव



राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज - प्रखंड विजयीपुर मेरी चाची जी सरस्वती देवी जिनका निधन उनके पैतृक गांव वाजुडीह महुअवा असमय होना बहुत ही दुखदाई रहा है जिनका दाह संस्कार भागलपुर सरजु नदी के पावन तट पर किया गया। संस्कार में शामिल जगदीश पाठक, कमलेश तिवारी, राम आशीष दुबे,नन्दा दुबे, नरेन्द्र दुबे, रमेश दुबे,छोटु शर्मा,राजदेव खरवार दिनेश यादव प्रधान,सुभाष पांडेय, संजय पाण्डेय, विकेश पांडेय आदि ने तिलांजली देकर ईश्वर से मृत्यु आत्मा को शांति प्रदान की कामना किया गया।

## खुले आसमान के नीचे पढ़ने मज़बूर बच्चे



पप्पू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर के ओड़गी ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर के शासकीय प्राथमिक स्कूल चौका पारा के छात्र शीत लहर के बीच खुले आसमान के नीचे पैरावट में बैठकर पढ़ने को मजबूर है और विभागीय अधिकारियों को सुध लेने का भी वक्त नही है,, दरअसल जिले का दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर के चौकापारा शासकीय प्राथमिक स्कूल का भवन 15 सालों से जर्जर था ,,ऐसे में एक साल पहले स्कूल भवन का छत पूरी तरह से धराशायी हो गया,, जिसके बाद छात्रो को खुले आसमान के नीचे पढ़ने की जानकारी के बाद आनन फानन में प्रशासन के द्वारा एक किराए का मकान उपलब्ध कराया गया था,,लेकिन डेढ़ सालों से किराया नही देने पर मकान मालिक ने स्कूल में ताला लगा दिया,, और बीते दो दिनों से मजबूरन शीतलहर के बीच छात्रो को खुले आसमान के नीचे पैरावट में बैठाकर पढ़ाई कराने को शिक्षिका भी मजबूर हैं,,वही छात्र और शिक्षिका बेहद परेशान है,,ऐसे में केवल मीटिंग और दफ़्तर में ही समय बिताने वाले जिला शिक्षा अधिकारी की दलील भी उदासिनता भरा नजर आया,,

## बिजली बकाए पर किसानों का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा मुख्यमंत्री जी की इस घोषणा से किसानों में उत्साह पैदा हुआ है -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसान हित में जो घोषणा की है ट्यूबिल बकाया बिल पर भी कनेक्शन नहीं काटा जाएगा इससे किसानों में एक बहुत बड़ा उत्साह पैदा हुआ है या बहुत बड़ा कदम माननीय मुख्यमंत्री जी ने उठाया है किसान हित में बिजली का बिल की वजह से किसानों किसानों के तू वालों के कनेक्शन काट दिए जाते थे किसानों को बड़े परेशानियां होती थी आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों की वह समस्याएं हल की है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इसके अलावा और भी बहुत सारी योजनाओं की घोषणा की है जनता के हित में किसानों के हित में युवाओं के हित में बिजली विभाग के अधिकारियों को इस आदेश का पालन करना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री का बुलडोजर भ्रष्टाचार पर बराबर चल रहा है बुलडोजर की धमक पूरे भारतवर्ष में पहुंच रही है माननीय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है उत्तर प्रदेश का नाम भारत में सबसे ऊपर है विरोधी दलों के नेता मुख्यमंत्री जी की लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे मुख्यमंत्री जी के इस कठोर कदम से दोनों के नेताओं के हौसले पस्त हैं उत्तर प्रदेश में किसान हित में जो अहम घोषणा की है इससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ी है पूरे अलीगढ़ का नहीं पूरे यूपी का किसान गदगद है

## नवसृजित राशन की दुकान का जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा फीता काट कर किया उद्धघाटन

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- विकास खण्ड हरिहर पुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत भंगही के नवसृजित राशन की दुकान का  जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने फीता काट कर उद्धघाटन किया। दरअसल ग्राम पंचायत भगही मे रोली सिंह पत्नी प्रदीप सिंह का राशन की दुकान निविरोध चयनित किया गया था। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, प्रधान अशरफ नगर बलविंदर सिंह, प्रधान बीरबल वर्मा ,प्रधान संजय पांडे, पूर्व राजस्व निरीक्षक फूलचंद गुप्ता तथा भारी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे ।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com